अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , गुरुवार, 13 नवंबर 2025

PAGE NO 4 : MIDDLE

# देहदान जैसा महादान करने वाले हमेशा अमर रहेंगे : देव मूर्ति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में देहदान का संकल्प लेने वाले महादानियों को सम्मानित करने के लिए देह से दिव्यता तक कार्यक्रम आयोजित हुआ। देहदान का शपथ पत्र देने वाले 21 आधुनिक महर्षि दधीचियों को इसमें सम्मानित किया गया। सभी ने देहदान को महादान बताया और समाजहित में अधिक से अधिक लोगों को खुद से प्रेरणा लेने पर जोर देते हुए देहदान के लिए प्रेरित किया।

कॉलेज के एनाटॉमी विभाग की ओर से मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने देहदान का संकल्प लेने वालों को सम्मानित किया। कहा कि 87 लोग अब तक एसआरएमएस में अपनी देहदान कर चुके हैं। जबकि 80 महादानियों ने इसके लिए शपथ पत्र दिया है। कहा कि देहदान जैसा महादान करने वाले लोग हमेशा अमर रहेंगे। इससे पहले डॉ. नमिता मेहरोत्रा ने देहदान का शपथ पत्र देने वाले सभी अतिथियों का स्वागत किया। कहा कि इससे विद्यार्थियों को कुशल और अनुभवी चिकित्सक बनने में मदद मिलेगी। डा. शंभु प्रसाद ने आभार जताया। डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, प्रिंसिपल डॉ.एमएस बुटोला, डॉ. धनंजय कुमार, डॉ. समता तिवारी, डॉ. कंचन बिष्ट व विद्यार्थी मौजूद रहे।



देहदान का संकल्प लेने वालों को सम्मानित करते देव मूर्ति। ● अमृत विचार

**● 21 आधुनिक महर्षि दधीचियों का एसआरएमएस में हुआ सम्मान**